04/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में भारतीय राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश का बुनियादी ढांचा बढ़ रहा है, डिजिटल कनेक्टिविटी से दूरियां कम हो रही हैं और आर्थिक अवसर पहले से कहीं अधिक सुलभ हो रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों का काम शासन और कल्याण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि सरकार आत्मनिर्भर भारत के विजन के साथ काम कर रही है और उसने सुधारों की गति तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले 10 वर्षों में सुधारों, वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लगातार प्रदर्शित किया है। अर्थव्यवस्था में एमएसएमई के महत्व के बारे में बात करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि एमएसएमई देश की आर्थिक वृद्धि में परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं।

0000000000000000000

राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, ईटानगर के कार्यकारी निदेशक ब्रिगेडियर रिटायर्ड आशीष गुप्ता ने आज राजभवन ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाइक से मुलाकात की। कार्यकारी निदेशक ने राज्यपाल को राज्य में एनएचआईसीएल परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के महत्व को रेखांकित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि, मजबूत सड़क नेटवर्क राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे साथ ही राज्य की विशाल पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देते हुए कृषि और संबद्ध क्षेत्र के उत्पादों के निर्यात को सुविधाजनक भी बनाएंगे। राज्यपाल ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड से गुणवत्ता और समय पर निष्पादन पर मजबूत ध्यान देने के साथ अवसंरचना परियोजनाओं में तेजी लाने का भी आग्रह किया।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल नामसाई में लेट चाउ इंकलित मानाउ मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के पहले संस्करण के समापन समारोह में भाग लिया। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा के उत्थान और ताई खामती साहित्य के संरक्षण में लेट मानाउ के अमूल्य योगदान को याद किया। श्री मेन ने कहा कि, न केवल नामसाई बल्कि आस-पास के जिलों की उभरती हुई फुटबॉल प्रतिभाओं को निखारने के लिए फुटबॉल स्टेडियम को प्रशिक्षण मैदान में बदलने के प्रयास जारी हैं।

0000000000000000000

राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री दासांग्लू पुल ने सोमवार को रोइंग में **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं** योजन के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अयोजित **बेटी जन्मोत्सव** कार्येक्रम में भाग लेते हुए कहा कि, योजन के लागु होने के बाद से, राज्य में लिंग अनुपात में काफ़ी सुधार देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि पांच जिलों - शी योमी, ईस्ट कामेंग, कामले, अपर सियांग और तवांग में 2023-24 में लिंगानुपात 1,000 से अधिक दर्ज किया गया है। उन्होंने 2021-22 में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर में उल्लेखनीय गिरावट का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर मंत्री ने बीबीबीपी योजना के लाभों पर प्रकाश डाला और महिलाओं से अपने सशक्तिकरण के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का भी आह्वान किया।

00000000000000000

कृषि और संबद्ध क्षेत्र में एर्गोनॉमिक्स और सुरक्षा पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की 16वीं वार्षिक कार्यशाला आज निरजुली स्थित NERIST के सिल्वर जुबली हॉल में शुरू हुई। राज्य के कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अरुणाचल प्रदेश के कृषि क्षेत्र में बेहतर सुरक्षा मानकों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया।

000000000000000000000

भारत सरकार के युवा मामलों के मंत्रालय द्वारा गर्वमेंट कॉलेज बोमडिला को तीन जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग और वेस्ट कामेंग के लिए जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पारलियामेंट-2025 के संचालन के लिए नोडल संस्थानों के रूप में चुना गया है। इस वर्ष की यूथ पारलियामेंट को विकसित भारत@2024 के साथ रिमेजिंड और एक्सपांडेट किया गया है।

तीनों जिलों से लगभग 150 प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग की जाएगी और उन्हें 16 और 17 मार्च को आयोजित होने वाले जिला स्तर पर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव, विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करना' विषय पर, भाग लेने और शीर्ष तीन फाइनलिस्ट को नई दिल्ली में विकसित भारत युवा संसद के ग्रैंड फिनाले में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

0000000000000000000

भारतीय सेना की स्पीयर कोर द्वारा कल आलो में सियोम नदी पर व्हाइट वाटर राफ्टिंग अभियान को हरी झंडी दिखाई गई। अभियान के दौरान, भारतीय सेना के 25 राफ्टर थुम्बिन से पासीघाट तक 160 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे, जिसका समापन 6 मार्च को होगा। भारतीय सेना द्वरा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार अभियान का उद्देश्य सीमावर्ती राज्य में सौहार्द, रेसिलिएंस और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना है।

00000000000000000000

और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में भारत के साथ मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दो सौ पैसठ रनो का लक्ष्य दिया है। अंतिम समाचार मिलने तक भारत ने अट्ठारह ऑवर में दो विकट के नुकसान पर बानवें रन बना लिए हैं। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल कल न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच लाहौर में खेला जाएगा। फाइनल रविवार को होगा।

0000000000000000000